STEPPING STONE SCHOOL (HIGH)

Class:III

Sub:2ndLang (Hindi)

Topic:Spelling & Handwriting

Worksheet:19

Date:12.06.2020

Time:30mins.

दिए गए गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और देख कर लिखिए साथ ही रेखांकित वर्तनी को भी देख कर लिखिए:

इस बदलाव से सभी खुश थे। पर मुनिया जानती थी कि यह सब जादुई मोती के ही कारण है।

एक दिन मुनिया कुएँ से पानी निकाल रही थी। तभी उसकी जेब से जादुई मोती कुएँ में गिर गया। मुनिया बहुत परेशान हुई। वह जल्दी से नदी के किनारे पर गई और सोना मछली को आवाज़ दी, सोना मछली लहराती हुई आई और उसका हाथ चूमकर बोली, "कैसी हो?"

मुनिया ने दुखी होकर कहा, "अभी तक तो ठीक थी क्योंकि तुमने जो जादुई मोती दिया था, उसके कारण सभी काम सही ढंग से हो रहे थे, पर वह जादुई मोती खो गया है। अब शायद फिर से सब कुछ पहले की तरह ही न हो जाए।"

सुनकर मछली हँसने लगी, बोली, "तुम अपने घर जाओ, अब तुम्हें किसी जादुई मोती की ज़रूरत नहीं है, क्योंकि तुमने अपने खोए हुए आत्मविश्वास का मोती पा लिया है। वैसे भी मैंने तुम्हें जो मोती दिया था, उसमें कोई जादू नहीं था। वह तो साधारण-सा मोती था। यह सब तो तुम्हारी अपनी लगन और मेहनत के कारण हुआ है।"

यह सुनकर मुनिया को हँसी आ गई। सोना को प्यार से धन्यवाद देती हुई वह घर लौट गई। घर जाकर उसने अपना होमवर्क किया, पाठ याद किया, मम्मी के साथ बैठकर बातें की और अगले दिन अच्छे बच्चों की तरह सुबह जल्दी उठकर तैयार होकर स्कूल को चली गई। स्कूल में भी खूब मन लगाकर पढ़ने लगी। कक्षा में भी सब मुनिया की प्रशंसा करने लगे थे। अध्यापिका भी मुनिया को बहुत प्यार करने लगी थीं।